**दिनांक–16.12.2025 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में CE/SE/EE क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ हुई विभागीय कार्यों की सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–**

---

**1. निविदा निष्पादन (PHED/PRD/O&M PRD) की समीक्षा:–**

- समीक्षा के दौरान पूर्णियाँ प्रक्षेत्र अंतर्गत/अंचल/प्रमंडलों में लंबित बीड (PHED) की संख्या–07 पाया गया। क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णियाँ प्रक्षेत्र एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज अनुपस्थित पाए गए, इस हेतु संबंधित मुख्य अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण करने हेतु निदेशित किया गया ।

  **अनुपालन:–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव।**

- समीक्षा के क्रम में पटना प्रक्षेत्र अंतर्गत/अंचल/प्रमंडलों में लंबित बीड (PRD) की संख्या–13 पाया गया। आरा प्रमंडल अंतर्गत पाँच बीड में दो अद्द Rate Bid HQ में एवं दो अद्द Technical Bid कार्यपालक अभियंता के स्तर से लंबित है एवं एक अद्द Technical Bidre-tender में होने की सूचना दी गई। बक्सर प्रमंडल अंतर्गत एक अद्द Technical Bid अधीक्षण अभियंता के स्तर से लंबित है एवं एक अद्द Rate Bid HQ होने की सूचना दी गई। औरंगाबाद प्रमंडल अंतर्गत दो अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता के स्तर से लंबित पाया गया। एक अद्द Technical Bid की Re-tender की जाने की सूचना दी गई। जहानाबाद प्रमंडल अंतर्गत एक अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता के स्तर से लंबित होने की सूचना दी गई।

- समीक्षा के दौरान मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत/अंचल/प्रमंडलों में लंबित बीड (PRD) की संख्या–17 पाया गया। पृच्छा के दौरान जानकारी दी गई कि मुजफ्फरपुर प्रमंडल अंतर्गत एक अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता के स्तर से लंबित है जिसके संबंध में अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया इसे HQ भेज देने की सूचना दी गई। हाजीपुर प्रमंडल अंतर्गत एक अद्द Rate Bid HQ में होने की सूचना दी गई। बेतिया प्रमंडल अंतर्गत लंबित तीन अद्द Technical Bid में दो अद्द Technical Bid re-tender में होने की सूचना दी गई एवं एक अद्द Technical Bid कार्यपालक अभियंता के स्तर से लंबित है। मोतिहारी प्रमंडल अंतर्गत लंबित दस अद्द बीड में पाँच अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता स्तर से लंबित पाया गया एव पाँच अद्द Rate Bid कार्यपालक अभियंता स्तर से लंबित पाया। गोपालगंज प्रमंडल में दो अद्द लंबित Rate Bid कार्यपालक अभियंता स्तर से लंबित पाया।

- समीक्षा के दौरान भागलपुर प्रक्षेत्र अंतर्गत/अंचल/प्रमंडलों में लंबित बीड (PRD) की संख्या–10 पाया गया। पृच्छा के दौरान जानकारी दी गई कि भागलपुर पूर्व प्रमंडल अंतर्गत संबंधित मुख्य अभियंता के द्वारा बताया गया कि परिवाद के कारण एक अद्द Technical लंबित है एवं एक अद्द Rate Bid मुख्य अभियंता के स्तर से लंबित है। भागलपुर पश्चिम अंतर्गत एक अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता के स्तर से लंबित है। जमुई प्रमंडल अंतर्गत पाँच अद्द बीड लंबित में एक अद्द Technical Bid मुख्य अभियंता स्तर से लंबित पाया गया एवं चार अद्द Rate Bid मुख्यालय से पुनर्मूल्यांकण हेतु वापस करने की सूचना दी गई। लखीसराय प्रमंडल अंतर्गत एक अद्द Rate Bid Open होने कि जानकारी संबंधित

कार्यपालक अभियंता द्वारा दी गई जबकि एक अद्द Technical Bid Re-tender में होने कि सूचना दी गई।

❖ अतः निदेशित किया गया कि उपर्युक्त लंबित (Technical Bid/ Rate Bid) सभी निविदाओं को शीघ्रताशीघ्र अंतिम रूप से मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालनः—संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/संबंधित प्रभारी नोडल पदाधिकारी।**

## 2. विद्युत विपत्रों के भुगतान की समीक्षाः—

❖ समीक्षा के क्रम में संज्ञान में लाया गया कि संयुक्त सत्यापनोपरांत (दिनांक—01.09.2025 के आधार पर) विद्युत विपत्रों के भुगतान हेतु संवेदकों/एजेंसियों के विरूद्ध (PHED HGN एवं गैर HGN) योजनाओं का ₹19668.19 लाख की राशि लंबित है एवं भुगतान की स्थिति काफी खराब है। अतः सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र भुगतान कराना सुनिश्चित करते हुए, इसकी प्रविष्टि प्रतिदिन गूगल डॉक पर किया जाय। सभी संबंधित अधीक्षण अभियंताओं को अपने स्तर से अधीनस्थ प्रमंडलों का दैनिक अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। जिन संवेदकों/एजेंसियों द्वारा भुगतान नहीं किया जाता है उसके विरूद्ध एकरारनामा में निहित प्रावधान के तहत आर्थिक दंड, डीबार, काली सूची में नाम दर्ज करने हेतु एवं एकरारनामा विखण्डित करने हेतु नियमानुकूल कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालनः—संबंधित अधीक्षणअभियंता/सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में निदेशित किया गया कि सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता अपने अधीनस्थ प्रमंडलों से सुनिश्चित करालें कि जहाँ भी विद्युत विपत्रों का प्रमंडल द्वारा स्वयं भुगतान करना है, भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में एवं विहित शीर्ष के अनुसार 24 घंटों के अंदर अधियाचना भेजना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।**

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडलों द्वारा MIS पर Electric Activity Module में प्रविष्टि की स्थिति भी संतोषप्रद नहीं है। सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं (यांत्रिक सहित) को निदेश दिया गया कि MIS पर Electric Activity Module में शीघ्रातिशीघ्र त्रुटिरहित प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित)।**

❖ समीक्षा के क्रम में कतिपय प्रमंडलों यथा बेगूसराय, फारबिसगंज, गोपालगंज, मुंगेर, औरंगाबाद, बक्सर, कटिहार, दरभंगा, झंझारपुर, बाराहाट, बिहारशरीफ, मधुबनी एवं सासाराम द्वारा विद्युत मद में आवंटन हेतु प्रेषित अधियाचना त्रूटिपूर्ण रहने के कारण विभागीय पत्रांक—597 दिनांक—15.12.2025 में संलग्न प्रपत्र में पुनः 24 घंटे के भीतर अधियाचना भेजने का निदेश दिया गया। साथ ही, संबंधित अधीक्षण अभियंता को अनुपालन कराने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः—सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता/
सभी कार्यपालक अभियंता।

**3. CGRC की समीक्षाः—**

| प्रक्षेत्र का नाम | सबसे अधिक लंबित शिकायतों वाले प्रमंडल | 30 दिन से ऊपर लंबित शिकायते दिनांक 09.12.2025 | 30 दिन से ऊपर लंबित शिकायते दिनांक16.12.2025 |
|---|---|---|---|
| भागलपुर | — | 33 | 23 |
| | भागलपुर पूर्व | 14 | 8 |
| | खगड़िया | 7 | 5 |
| | जमूई | 4 | 4 |
| पटना | — | 49 | 25 |
| | पटना पश्चिम | 16 | 8 |
| | सासाराम | 11 | 7 |
| | बक्सर | 4 | 4 |
| | अरवल | 1 | 1 |
| | गया | 2 | 0 |
| | जहानाबाद | 3 | 0 |
| मुजफ्फरपुर | — | 232 | 177 |
| | दरभंगा | 36 | 34 |
| | मधुबनी | 42 | 34 |
| | छपरा | 34 | 32 |
| | ढाका | 31 | 28 |
| पूर्णियाँ | — | 14 | 10 |
| | अररिया | 11 | 8 |
| | धमदाहा | 1 | 1 |

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भागलपुर पूर्व द्वारा बताया गया कि दिनांक—09.12.2025 का 30 दिनों से उपर 14 लंबित शिकायतों में 06 लंबित शिकायतों का निष्पादन करा लिया गया है एवं आगामी प्रस्तावित बैठक से पूर्व सभी शिकायतों का निष्पादन करा लिया जाएगा।

**अनुपालनः—संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- ❖ समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के माध्यम से संज्ञान में आया कि खगड़िया प्रमंडल अंतर्गत आवेदन संख्या—H02106836251025151634 में शिकायत के निराकरण हेतु 1500 मीटर पाईप लाईन बिछाने की आवश्यकता है। उक्त के आलोक में संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता इसकी जांच कर यथास्थिति स्पष्ट करते हुए मुख्यालय को प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता।**

- ❖ पटना प्रक्षेत्र अंतर्गत पृच्छा के दौरान अरवल प्रमंडल अंतर्गत 1 लंबित शिंकायत पाए गए, जिसके संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि यह योजना Left out tola के अंतर्गत आता है, जहाँ बोरिंग की कार्य पूर्ण होने के उपरांत यथाशीघ्र जलापूर्ति का आश्वासन दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, गया एवं जहानाबाद द्वारा बताया गया कि बोरिंग कई बार फेल हो जाने एवं साईट न मिलने से बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसका निराकरण कर सभी कार्य पूर्ण करते हुए जलापूर्ति सुचारू कर दिया गया है।

- ❖ कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि 36 मामलों में से 16 मामले Left out tola अंतर्गत आते है, कुछ लंबित शिकायतों में रास्ता संकीर्ण होने के कारण मरम्मति कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है एवं 2 लंबित शिकायते Defunct हैंडपम्प से

संबंधित है, 1 लंबित शिकायत में 300 मीटर पाईप बिछाने की आवश्यकता है, लेकिन जमीन विवादित होने की स्थिति में योजना रूका हुआ है एवं शेष कई मामलों में पाईप क्षतिग्रस्त है, जिसके संबंध में कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि विवाद को सुलझा कर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।

**अनुपालनः—संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- पृच्छा के दौरान कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा द्वारा बताया गया कि 34 लंबित शिकायत मामलों में 11 मामले Left out tola से संबंधित है, 4 मामले लिटिगेशन के कारण विवादित है एवं 19 मामला पाईप लाईन बिछाने से संबंधित है। संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि शिकायतों का ससमय निराकरण नहीं होने कि स्थिति में संवेदक को नोटिस निर्गत करते हुए डिवार/ब्लैकलिस्ट करते हुए एवं Re-tender करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- पृच्छा के क्रम में कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, ढाका द्वारा बताया गया कि कुछ लंबित शिकायतों में रास्ते विवादित है, दो लंबित शिकायत में शिकायतकर्त्ता द्वारा अपने निजी खेत में जलापूर्ति मांगा जा रहा है, एक लंबित शिकायत Structure Modification से संबंधित है, चार लंबित शिकायत अनुरक्षक मानदेय से संबंधित है, यह मामला जिला पंचायती राज पदाधिकारी के संज्ञान में लाया गया है, किंतु इसका निराकरण नहीं किया जा सका, जिसके संबंध में निदेशित किया गया कि इस मामले को जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जाए। पाँच ऐसे लंबित शिकायत है, जहाँ चार—पाँच घर हैं, जिसके लिए 500 मीटर पाईप लाईन बिछाने की आवश्यकता है, जिसके संबंध में निदेशित किया गया कि उस क्षेत्र में हैंडपम्प की व्यवस्था की जाय।

**अनुपालनः—संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

- सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता को निदेशित किया गया कि आगामी प्रस्तावित बैठक के पूर्व 16—30 एवं 30 दिन से ऊपर सभी लंबित शिकायतों का निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

  बैठक में उपस्थित मुख्य अभियंता द्वारा बताया गया कि CGRC पर दर्ज मामले में व्यक्तिगत रूप से निदान कर निष्पादन प्रतिवेदन को Upload कर दिया जाता है जिसमें उनके द्वारा पुनः पूछे जाने पर बताया जाता है कि अभी भी बहुत जगहों पर लिकेज/नल जल का कनेक्शन नहीं है। ऐसी परिस्थिति में निदेशित किया गया कि शिकायतकर्ता के शिकायतों का निष्पादित माना जाय तथा पुनः सत्यापन कराते हुए आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय।

## 4. रोस्टरः—

- सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि अपने क्षेत्रांतर्गत परिचारी, खलासी एवं कीमैन—सह—चौकीदार की नियुक्ति हेतु सभी कार्यपालक अभियंता व्यक्तिगत रूप से स्थापना उपसमाहर्ता से समन्वय स्थापित कर रोस्टर तैयार करते हुए मुख्यालय को 48 घंटों के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः—सभी कार्यपालक अभियंता।**

## अन्यान्यः—आवंटन की अधियाचना

- सभी अंचलों/प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि आवंटन की अधियाचना भेजते समय मेल के साथ–साथ उसकी प्रति MIS पर भी अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

**अनुपालनः— संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित कार्यपालक अभियंता।**

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/25—31 दिनांक— 14/01/26

प्रतिलिपिः—सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता—सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/25—31 दिनांक— 14/01/26

प्रतिलिपिः—अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आई टी मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/25—31 दिनांक— 14/01/26

प्रतिलिपिः—विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/25—31 दिनांक— 14/01/26

प्रतिलिपिः—सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः— 14/बैठक—101/25—31 दिनांक— 14/01/26

प्रतिलिपिः—माननीय मंत्री के आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख—सह—विशेष सचिव
(मुख्यालय)